# एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय (वनडे) क्रिकेट में सबसे तेज 10 हजार रन बनाने वाले शीर्ष 10 बल्लेबाजों की सूची

**वनडे क्रिकेट में सबसे तेज 10000 रन बनाने वाले टॉप 10 बल्लेबाज:**

एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय (वनडे) क्रिकेट का पहला मैच ऑस्ट्रेलिया में स्थित विश्व के सबसे बड़े स्टेडियम मेलबोर्न क्रिकेट ग्राउंड पर ऑस्ट्रेलिया और इंग्लैंड के मध्य 05 जनवरी 1971 को खेला गया था। जब वनडे क्रिकेट की शुरुआत हुई थी, तब से लेकर अब तक क्रिकेट के इस प्रारूप में ढेरों कीर्तिमान रचे जा चुके हैं। इस प्रारूप ने विश्व को बहुत से बेहतरीन खिलाड़ी दिए हैं, जिन्होंने इस खेल को दुनियाभर में लोकप्रिय बनाया है।

भारत और वेस्टइंडीज के बीच 24 अक्टूबर 2018 को विशाखापट्टनम में खेले गए दूसरे वनडे मैच में भारतीय टीम के कप्तान विराट कोहली ने अपने 10000 वनडे रन पूरे करने का एक ओर नया कीर्तिमान स्थापित कर दिया। इसके साथ ही विराट कोहली वनडे क्रिकेट में सबसे तेजी से 10 हजार रन पूरे करने वाले बल्लेबाज बन गए हैं। उन्होने अपने करियर की 205वीं पारी के दौरान इस उपलब्धि को हासिल किया। कोहली ने भारत के सचिन तेंदुलकर को पछाड़ते हुए सबसे तेजी से 10 हजार रन बनाने की उपलब्धि हासिल की है। सचिन ने 266 मैचों में 10,000 रन पूरे किए थे, वहीं कोहली ने 213 मैचों में यह उपलब्धि अपने नाम की है। कोहली ने पारियों के लिहाज से भी मास्टर ब्लास्टर को पीछे छोड़ा है। कोहली ने 205वीं पारी में 10,000 रन पूरे किए हैं, वहीं सचिन ने 259 पारियों में यह कारनामा किया था। विराट कोहली भारत की तरफ से 10000 रन पूरे करने वाले 5वें खिलाड़ी है। भारत की ओर से वनडे क्रिकेट में 10,000 रन पूरे करने वाले खिलाड़ियों में कोहली के अलावा सचिन तेंदुलकर (18,426), पूर्व कप्तान सौरव गांगुली (11363), राहुल द्रविड़ (10889) और महेंद्र सिंह धोनी (10143) आदि शामिल हैं।

**अंतर्राष्ट्रीय एकदिवसीय मैचों में सबसे तेज 10000 रन बनाने 10 बल्लेबाजों की सूची:**

| **खिलाडी का नाम** | **कुल पारी** | **कुल मैच** |
|---|---|---|
| विराट कोहली (भारत) | 205 | 213 |
| **सचिन तेंदुलकर** (भारत) | 259 | 266 |
| सौरव गांगुली (भारत) | 263 | 272 |
| रिकी पोंटिंग (ऑस्ट्रेलिया) | 266 | 272 |
| जैक कालिस (दक्षिण अफ्रीका) | 272 | 286 |
| **महेंद्र सिंह धोनी** (भारत) | 273 | 320 |

| | | |
|---|---|---|
| ब्रायन लारा (वेस्टइंडीज) | 278 | 287 |
| राहुल द्रविड़ (भारत) | 287 | 309 |
| तिलकरत्ने दिलशान (श्रीलंका) | 293 | 319 |
| कुमार संगाकारा (श्रीलंका) | 296 | 315 |